कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के ... पृष्ठ 2 | आज खुलेगी रहस्यमयी मंडीप खोल... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 05 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 195, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## औषधीय पौधों के संवर्धन से असीम संभावनाएं : मुख्यमंत्री




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अब पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक सोच के समन्वय से हर्बल क्रांति की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश को हर्बल स्टेट के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा कि, अब किसानों को औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे उन्हें पारंपरिक धान की खेती की तुलना में कई गुना अधिक आय प्राप्त हो सकेगी। यह पहल न केवल किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि प्रदेश की पारंपरिक वैद्य परंपरा, वन औषधियों और जैव विविधता के संरक्षण को भी मजबूती प्रदान करेगी। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम के पदभार ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने इस नई सोच को साझा किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वस्थ परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड का गठन हमारी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में किया गया है। इस बोर्ड का उद्देश्य यही है कि जो हमारे वनवासी क्षेत्र में वैद्य हैं, उनको आयुर्वेद का बहुत ज्ञान होता है। ऐसे ही वैद्यराज का संवर्धन व संरक्षण करना और जो औषधि पौधे हैं ऐसे औषधि पौधे और सुगंधित पौधे का भी संरक्षण करना है और उसका संवर्धन करना है, उसको आगे बढ़ाना है। उनकी खरीदी बिक्री, सभी कार्यों का दायित्व इस बोर्ड का है। बोर्ड अध्यक्ष के रूप में विकास मरकाम की इस उद्देश्य की पूर्ति करेंगे।

जब बड़े-बड़े अस्पताल जवाब दे देते हैं और उनकी दवाइयों से लोगों की बीमारी ठीक नहीं होती तो वे लोग वैदराज की ओर जाते हैं जो हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। विकास मरकाम के नेतृत्व में ऐसे वैद्यों का भी संवर्धन और संरक्षण होगा और जो औषधि पादप के उत्पादन से मिलेगा, इसके लिए बोर्ड की तरफ से फॉरेस्ट विभाग की ओर से कई सब्सिडी और सुविधा भी है और उसकी खरीदी भी विभाग करेगा। बोर्ड आने वाले समय में विभिन्न स्थानों पर विशेष कर बस्तर और सरगुजा संभाग में लोगों के बीच में जाकर जागरूकता सिविल लगाएगा और वहां पर किसानों को जो फायदा होने वाला है इसके ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे किसान ऐसी औषधि पादप का उत्पादन कर अधिक फायदा प्राप्त करेंगे और आर्थिक रूप से सक्षम हो पाएंगे। यह काम आगे आने वाले समय में हमारा बोर्ड करेगा। आज छत्तीसगढ़ में इतने वन औषधि पादप हैं छत्तीसगढ़ पूरे देश में हर्बल स्टेट के रूप में जाना जाता है यह हम सभी लोगों के लिए सौभाग्य की बात है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों के लिए जो योजनाएं बनाई है उनका क्रियान्वयन हो रहा है। आज तेंदूपत्ता संग्रह की बात करें तो तेंदूपत्ता का देश में सबसे ज्यादा संग्रहण करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य है और उसके लिए प्रदेश सरकार साढे ? 5500 प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्राहक को दे रही है। पूरे देश में 67 प्रकार के लघु वन उपज को संगृहीत किया जा रहा है, यह कहीं न कहीं इस बात को साबित करता है कि, छत्तीसगढ़ वन उपज के मामले में समृद्ध है। इस परंपरा को हमें आगे बढ़ते हुए आने वाले समय में छत्तीसगढ़ वन औषधि के क्षेत्र में देश का सर्वोच्च राज्य के रूप में स्थापित हो इसकी दृष्टि से कार्य करना है।

## योग मन व शरीर के लिए आवश्यक, नियमित अभ्यास कर सर्वांगीण विकास करें : मधुसुदन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के जी ई रोड स्थित सत्यानंद योग आश्रम में चल रहे बाल योग शिविर का आज समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्यानंद योगाश्रम में बच्चों के लिए विशेष योग शिविर लगाए जाने का उद्देश्य शारीरिक, मानसिंक क्षमता, एकाग्रता तथा बौद्धिक विकास करना रहा। जिससे उनमें विवेक व आत्मविश्वास जागृत किए जाने की बात प्रमुख रही। कार्यक्रम में राजनांदगांव के महापौर, मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि पहुंचकर अपने अतिथि उद्बोधन में बताया कि योग मेरे द्वारा भी घर में किया जाता है। यही एक साधना है जिसके माध्यम से मैंने चुनाव में प्रतिदिन 20 किलोमीटर की यात्रा कर स्वस्थ रहकर प्रचार प्रसार किया। योग का ही परिणाम है जो आज मैं जीत कर महापौर के रूप में आप लोगों की सेवा करने का अवसर मुझे पुन:प्राप्त हुआ। सत्यानंद योगाश्रम में बिहार योग विद्यालय -मुंगेर की सत्यानंद योग पद्धति की योग शिक्षा व प्रशिक्षण नियमित होता है। कार्यक्रम मे योग का अभ्यास कर बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। गुरु मंत्र के साथ शांति पाठ, बच्चों द्वारा योगाभ्यास का प्रदर्शन और उन्हें प्रोत्साहन सामग्री देकर अनुग्रहित किया गया। कार्यक्रम में आश्रम के स्वामी स्वयंभूनाथ जी, स्वामी गोरखनाथ जी, योग प्रशिक्षक - आत्मचैतन्य जी, तारिणी जी, और बड़ी संख्या में आश्रम से जुड़े गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

## कबीरमठ नादिया पुल के पास नवयुवक की सड़क दुर्घटना से दर्दनाक मौत

**अज्ञात वाहन की टक्कर से मोबाइल मैकेनिक की मौत, वाहन के जबरदस्त टक्कर से नवयुवक के शरीर के कई टुकड़े हुए**



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिंदगी के इस भागम भाग दौड़ में, एक और ज़िंदग़ी तेज रफ्तार का शिकार हो गई। खुज्जी के समीपस्त ग्राम बड़गांव चारभाठा निवासी टोमेश कुमार भंडारी (28 वर्ष), जो पेशे से मोबाइल मैकेनिक था, 4 मई रविवार को सुबह 9 बजे अपने मोटर सायकिल वाहन क्रमांक सीजी 08एबी 0807 से खुज्जी डोंगरगांव जा रहे थे अचानक आगे से तेज रफ्तार से एक अज्ञात वाहन आ रही थी जिनके साथ जबरदस्त टक्कर से कबीर मठ नादिया पुल के पास घटना स्थल पर नवयुवक का दर्दनाक मौत हो गई , पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जब वह खुज्जी मोबाइल पार्ट्स लेने जा रहा था और किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह डिवाइडर से जा टकराया और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

**घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।**

पुलिस ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही 112 टीम में खिलेश जांगड़े और राजेन्द्र नाविक ने मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। नवयुवक के सिर पूरी तरह कुचल गया है इनके अलावा हाथ और पैर तीन जगह से टूट चुके थे, जिससे टक्कर की भीषणता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पुलिस ने बताया है कि च्च्घटना स्थल कबीर मठ नादिया पुल के पास है। अज्ञात वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जांच जारी है।ज्ज

**घर की आर्थिक जिम्मेदारी उठाने वाला बेटा चला गया**

टोमेश अपने माता-पिता का तीसरा पुत्र था, लेकिन घर की पूरी आर्थिक जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी टोमेश ही पूरे परिवार



का सहारा बना हुआ था। उसका मेहनती और जिम्मेदार स्वभाव पूरे मोहल्ले में चर्चा में रहता था।

**स्थानीय लोगों की नाराज़गी और सवाल**

घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख़्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि बार-बार हो रहे हादसों के बावजूद सड़क सुरक्षा के प्रति कोई गंभीर कदम नहीं उठाया गया है।


**एक और सवाल ङ्क रफ्तार की रेखा कौन खींचेगा ?**

टोमेश की मौत न केवल उसके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है ङ्क जब तक लापरवाह वाहन चालकों और बिना निगरानी वाली सड़कों पर नियंत्रण नहीं होगा, ऐसे हादसे किसी के भी घर उजाड़ सकते हैं।



## मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी पुरी शंकराचार्यजी के आगामी प्रवास की जानकारी

**अरविन्द तिवारी**



**होशियारपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज अपनी राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा में इस समय उत्तरी क्षेत्र के प्रवास पर हैं। भगवत्पाद आदि शंकराचार्य महाभाग की जयंती के अवसर पर जम्मू प्रवास पूर्ण कर वे आज जम्मू तवी से टांडा उर्मर रेल्वे स्टेशन पहुंचे। यहां भव्य स्वागत पश्चात वे सड़क मार्ग से श्रीविमलाम्बा शक्ति संस्थानम - टांडा रोड - हरदोखानपुर - होशियारपुर (पंजाब) पहुंच चुके हैं , जहां उनका प्रवास 05 मई से 15 मई तक निर्धारित हैं। यहां आश्रम परिसर में प्रतिदिन पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे से दर्शन , दीक्षा एवं गोष्ठी होगी जिसमें भक्तजनों का धर्म , राष्ट्र और ईश्वर से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान होगा तथा सायंकालीन सत्र में साढ़े पांच बजे से श्रद्धालुओं को महाराजश्री का दर्शन एवं हिन्दू राष्ट्र संगोष्ठी में आध्यात्मिक संदेश श्रवण का लाभ सुलभ रहेगा। इसकी जानकारी श्री सुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी। बताते चलें पुरी शंकराचार्यजी अपने राष्ट्रव्यापी अभियान में हिन्दू राष्ट्र निर्माण में आमजन के कर्तव्य पर संदेश देते हुये कहते हैं - सज्जनों की कमी यह है कि संघ नहीं बना पाते , पिस जाते हैं। अगर सज्जन हैं , तो कम से कम दस व्यक्ति मिलकर चलें , तो सामने वाला सोचेगा कि इनकी ओर आंख तरेरना नहीं चाहिये , कुछ मंहगा पड़ सकता है। ऊपर ईश्वर , बीच में धर्म और नीचे संघ बल ; तब जाकर पिसने से बच पायेंगे और मनोबल उदीप्त रहेगा। शासनतंत्र के शोधन का दायित्व ऋषियों पर जाता है , व्यासगद्दी से सम्बद्ध मनुष्यों पर जाता है। इस दायित्व को हम जानते हैं और समय आने पर उसका निर्वाह करने के लिये ही भगवत्कृपा से दक्षता प्रकट कर सकते हैं। हमें नीति , शक्ति , सद्भाव और सामंजस्य के बल पर भारत को अखण्ड करना है। अपने मान बिन्दुओं की रक्षा के लिये ओजस्वी बनना है। ओजस्वी और विजयी बनने के लिये भगवान सूर्य और श्रीगुरुदेव की प्रार्थना हमारा कर्तव्य है।

## भारत के सख्त एक्शन से तिलमलाए पाकिस्तान ने भारतीय पोतों के लिए बंदरगाह किए बंद

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफनए दंडात्मक कदम उठाए जाने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय ध्वज वाले पोतों के लिए अपने बंदरगाहों को बंद कर दिया। पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी झंडे वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों में पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर भी शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ च्च्दृढ़ और निर्णायकज्ज् कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संतोष पांडेय ने किया मुक्तिधाम सौन्दर्यकरण का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** मुक्तिधाम समिति द्वारा सांसद संतोष पांडे जी की लगभग ग्यारह लाख रूपये निधि से मुक्तिधाम सौन्दर्यकरण भूमिपुजन का कार्य प्रदेश भाजपा महामंत्री माननीय रामजी भारती की उपस्थिति में रिटायर्ड स्टेशन मास्टर एवं विश्वहिंदुपरिषद के विश्वनाथ यादव जी के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया उक्त अवसर पर सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, अमित जैन, जस्मितसिंग बन्नोआना, मोंटी भाटिया,पार्षद निर्मलकर, डीकेश राव, भूपेंद्र मरकाम, पिंटू भाटिया, वीरेन्द अग्रवाल, कैलास अग्रवाल, मनोज गुप्ता,सविता दरगढ़, लक्ष्मी यादव, विनीत यादव, चेतन अग्रवाल, श्याम तिवारी, आवेश निगम,विजय कोटांगले,विनय बंसल, सहित बहुसंख्यक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पौराणिक परंपरानुसार खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

**अरविन्द तिवारी**

बद्रीनाथ धाम (नांदगांव टाइम्स)। विश्व प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट ग्रीष्मकाल के लिये आज विधि विधान से मंत्रोच्चार व सेना के बैंड की धुनों के साथ खोल दिये गये। अब अगले छह महीने तक श्रद्धालु मंदिर में भगवान बद्रीनाथ के दर्शन कर सकेंगे , वहीं इस साल बद्रीनाथ धाम परिसर में फोटो और वीडियो लेने पर बैन लगाया गया है और ऐसा करने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। कपाट खुलने के पावन अवसर का साक्षी बनने के लिये भारी संख्या में श्रद्धालु बद्रीनाथ पहुंचकर कतार पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इस खास मौके पर आज बद्रीनाथ धाम को चालीस क्विंटल फूलों से भव्य तरीके से सजाया गया था। सबसे पहले मंदिर के रावल ने भगवान की पूजा-अर्चना की। उसके बाद अब मंदिर के पुजारी और दूसरे आचार्य भगवान का अभिषेक , दर्शन और पूजा में शामिल होने के लिये मंदिर में प्रवेश किया। बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलते ही जय बद्रीनाथ के जयघोष से धाम गुंजायमान हो उठा और मंत्रोच्चारण से चारों तरफ का वातावरण भक्तिमय हो गया। हल्की बर्फबारी व बारिश के बीच सेना की गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट के बैण्ड की मधुर धुन तथा स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत व नृत्य के साथ भगवान बद्रीनाथ की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशों के अनुरूप बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा से श्रद्धालु गदगद हो उठे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर के मुख्य द्वार की ड्रोन से निगरानी भी की जा रही थी और पूरे मंदिर परिसर को सिक्योरिटी जोन में लिया गया था। बद्रीनाथ धाम में माईनस टू डिग्री के तापमान में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था और कपाट खुलने के समय मंदिर परिसर में दस हजार से भी अधिक श्रद्धालु मौजूद थे। मंदिर के कपाट खुलने से पहले भगवान के खजाने की पूजा-अर्चना की गई। कपाट खुलने से पहले ही अखंड ज्योति के दर्शन के लिये हजारों यात्री धाम में पहुंचे थे। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के मुख्य अवसर पर श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी , धर्माधिकारी , बद्री केदार मंदिर सामिति के अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत सुबह पांच बजे बद्रीनाथ के दक्षिण द्वार से भगवान कुबेर जी की डोली ने प्रवेश किया। फिर सवा पांच बजे विशिष्ट व्यक्तियों का मंदिर में प्रवेश हुआ। साढ़े पांच बजे रावल , धर्माधिकारी व वेदपाठियों का उद्धव जी के साथ गणेश और द्वारपाल पूजा करके अंदर जाने की अनुमति ली। सुबह छह बजे रावल और धर्माधिकारियों द्वारा द्वार पूजन किया गया फिर श्रद्धालुओं के लिये बद्रीनाथ धाम के कपाट खोल दिये गये। उनकी ओर से विश्व कल्याण और आरोग्यता की भावना से पूजा-अर्चना एवं महाभिषेक समर्पित किया गया। इस दौरान भगवान बद्रीविशाल को शीतकाल के दौरान ओढ़ाये गये घी से लेपित उनके कंबल का प्रसाद वितरित हुआ। इसके पश्चात सुबह साढ़े नौ बजे गर्भगृह में भगवान बद्रीनाथ की पूजा शुरू हुई। इससे पहले शनिवार को पांडुकेश्वर के योग ध्यान बद्री मंदिर से बद्रीनाथ के रावल (मुख्य पुजारी) और बदरीनाथ के वेदपाठी आचार्य ब्राह्मणों की अगुवाई में भगवान उद्धव जी की डोली, आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी व तेल कलश यात्रा (गाडू घड़ा) बद्रीनाथ धाम पहुंची थी। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले 'गाडू घड़ा' यात्रा निकाली जाती है , जिसमें तिल के शुद्ध तेल से भरे कलश को नरेंद्रनगर राजदरबार से विशेष मंत्रोच्चार के साथ बद्रीनाथ लाया जाता है और यही तेल भगवान बद्रीविशाल के अभिषेक में प्रयोग होता है। कपाट खुलने से एक दिन पहले टिहरी राजपरिवार की ओर से राज पुरोहित विशेष पूजा करते हैं। साथ ही मंदिर के शिखर पर नया ध्वज फहराया जाता है। मुख्य पुजारी (रावल) और तीर्थ पुरोहित मिलकर वैदिक हवन और कलश स्थापना करते हैं। गर्भगृह की सफाई के बाद भगवान की प्रतिमा का शुद्ध जल से स्नान कराया जाता है और नये वस्त्र व आभूषण पहनाये जाते हैं। यह संपूर्ण प्रक्रिया भगवान को शीतकालीन विश्राम के बाद जगाने के प्रतीक के रूप में होती है। इससे पहले 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री-यमुनोत्री धाम और 02 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खोले गये थे। आज बद्रीनाथ के कपाट खुलते ही अब चार धाम की यात्रा शुरू हो चुकी है।



**अमरनाथ को मिली रावल नई जिम्मेदारी -**

बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी केरल के नंबूदरी ब्राह्मण होते हैं , जिन्हें रावल कहा जाता है। पिछले साल तक ईश्वर प्रसाद नंबूदरी मुख्य रावल थे , लेकिन खराब सेहत के चलते उन्होंने पद छोड़ दिया है। इस बार अमरनाथ नंबूदरी (तीस वर्षीय) को नये रावल की जिम्मेदारी मिली है। ये चौबीसवें रावल हैं , जो बद्रीनाथ धाम में ढाई सौ साल पुरानी इस परंपरा को जारी रखेंगे। अमरनाथ उत्तरी केरल से हैं और यह उनकी पहली पूजा होगी। आठवीं शताब्दी में जब आदि शंकराचार्य ने चारों धामों में चार पीठों की स्थापना की तो उन्होंने बद्रीनाथ में पूजा की जिम्मेदारी केरल के नंबूदरी ब्राह्मणों को ही दी थी।

**भगवन्नाम संकीर्तन के साथ करें दर्शन - स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती**

आज बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर ज्योतिर्मठ के 55 वें शंकराचार्य परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीअविमुक्तेश्वरानंद सरस्वतीजी महाराज 1008 उपस्थित रहे। इस अवसर पर शंकराचार्यजी ने सनातन धर्मियों को सन्देश देते हुये कहा कि अधिक से अधिक संख्या में आकर लोग दर्शन करें ।

( शेष पृष्ठ 3 पर... )

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में ली पत्रकार-वार्ता

## कुल 1 लाख 16 हजार 368 आवेदन प्राप्त हुए, अब तक 75.8 प्रतिशत आवेदनों का हुआ निराकरण

**कवर्धा (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार-वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। कबीरधाम जिले में कुल 1 लाख 16 हजार 368 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग के संबंधित 1 लाख 14 हजार 273 एवं शिकायत से संबंधित 2 हजार 95 है। अब तक 75.8 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ों, श्री नरेंद्र पैकरा, विनय पोयम, सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री गुलाब डड़सेना एवं अन्य अधिकारी व प्रिंट व मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया



जा रहा है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 मई 2025 से हो रही है, जो 30 मई 2025 तक चलेगी। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 46 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें बोड़ला जनपद के अंतर्गत 9 ग्राम पंचायत, कवर्धा जनपद के अंतर्गत 11 ग्राम पंचायत, पंडरिया जनपद के अंतर्गत 10 और सहसपुर लोहारा अंतर्गत 9 ग्राम पंचायत और सभी 7 नगरीय निकाय में शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। विभागीय अधिकारी समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र व प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएगें। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे। कलेक्टर ने पत्रकार साथियों से सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में सहभागी बनने की अपील की, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों लाभ ले सकें।

**जिले के 39 जनपद पंचायत और 7 नगरीय निकायों में आयोजित होगा समाधान शिविर**

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि 5 मई से सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 5 मई को चिल्फी, पोलमी 6 मई को धमकी, दानी घाटोली, 7 मई को तरेगांव जंगल, सरईसेत, मजगांव 8 मई को मजगांव, 9 मई को चारभाठा, देवसरा 13 मई को पनेका, रेगाखारकला, उड़ियाकला, सोमनापुर नया 14 मई को भागुटोला, 15 मई को खारा,मोहतरा खुर्द 16 मई को गुढ़ा, बिड़ौरा 17 मई को बैजलपुर, डोमसरा 19 मई को बारदी, सिंघनपुरी जंगल 20 मई को रेतपारा, 21 मई को रवेली, कुटकीपारा 22 मई को महाराजपुर, हाथमुड़ी 23 मई को झलमला 24 मई को कुसुमघट, वीरेंद्रनगर, कोलेगांव 26 मई को बिरकोना 27 मई को राजानवागांव, रणवीरपुर, प्राणखैरा 28 मई को मरका 29 मई को पोड़ी और 30 मई को दोजरी और सिंघनगढ़ में शिविर आयोजित होगी। इसके साथ ही 8 मई को नगर पंचायत पिपरिया, 13 मई को नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, 15 मई को नगर पंचायत बोड़ला, 19 मई को नगर पंचायत इंदौरी, 21 मई को नगर पंचायत पांडा तराई, 22 मई को नगर पालिका पंडरिया, 23 मई को नगर पालिका कवर्धा में सुशासन समाधान शिविर लगाया जाएगा।

# टुकड़ों में चुनाव की परंपरा कांग्रेस की देंन - शिव वर्मा

## कहा - एक राष्ट्र एक चुनाव की पुरानी परंपरा मोदी सरकार फिर शुरू करेंगे



**राजनांदगांव।** देश में एक राष्ट्र एक चुनाव की पुरानी परंपरा शुरू करना अत्यंत जरूरी हो गया है। इसके लिए केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत राजक सरकार वर्षों से प्रयास रहता है। एक राष्ट्र एक चुनाव की परंपरा दशकों पहले थी। जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आई तब उन्होंने आपातकाल के समय से टुकड़ों टुकड़ों में चुनाव की परंपरा शुरू कर दी जो आज तक चल रही है। जिससे देश में बेहिसाब चुनावी खर्च बढ़ते चले गए जिससे देश की माली हालत पर विपरीत असर पड़ा है। यह कहते हुए नगर निगम के वरिष्ठ एवं भाजपा नेता शिव वर्मा ने कहां है कि आज नहीं तो कल एक राष्ट्र एक चुनाव की परंपरा फिर शुरू होगी और यह मोदी सरकार के कार्यकाल में ही संभव प्रतीत हो रहा है आगे चलकर निश्चित रूप से देश में चुनावी खर्च की भारी बचत होती रहेगी और वह पैसा देश के विकास निर्माण में खर्च होता चला जाएगा। राष्ट्र की चिंता करते हुए शिव वर्मा ने आगे कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव समिति चुनाव आदि जितने भी चुनाव है वह एक ही साथ संपन्न हो जाए तो बार-बार के चुनाव के झंझट से बचा जा सकेगा इससे न तो धन की बचत होगी अपितु समय की भी बचत होगी श्री वर्मा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व्यर्थ के चुनावी खर्च को बचाने की बड़ी भारी चिंता है इसीलिए तो वर्षों से उनका यह प्रयास जारी है जारी है कि वन नेशन वन इलेक्शन की परंपरा फिर से शुरू हो जाएगी इस तैयारी में उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल राज्य सरकारों से सुझाव मांगे हैं। यहां तक की त्रिस्तरीय पंचायत और नगरी निकायों से भी सुझाव आमंत्रित किए हैं देखना है आगे क्या होता है क्या होता है उम्मीद तो यही बन रही है कि आज नहीं तो कल एक राष्ट्र एक चुनाव की परंपरा शुरू होकर रहेगी। उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विपक्ष के विरोधों को राष्ट्र के विकास में घातक बताया है और कहा है कि टुकड़ों टुकड़ों में चुनाव की परंपरा उन्हें विपक्षी कांग्रेस के विरोध के चलते हो रहा है वरना कब का एक राष्ट्र एक चुनाव हो रहा होता कांग्रेस सहित उनके सहयोगी दल तो ईवीएम पर भी सवाल उठाते रहे हैं यह उनकी संकीर्ण सोच का परिचायक है।

## ग्राम आमाकट्टा में स्वच्छता तिहार, नाला में बोरी बंधान तथा जल संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मासुलकसा के आश्रित ग्राम आमाकट्टा में जल



संवर्धन के तहत नाला में बोरी बंधान, जल संगोष्ठी एवं स्वच्छता तिहार का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों ने अभियान चलाकर ग्राम की सभी सार्वजनिक स्थलों, तालाबों का श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। गांव में बहने वाली बरसाती नाले में ग्रामीणों ने श्रमदान करके बोरी बंधान किया। बारिश के पानी के एक-एक बूंदों को सहेजने, भू-जल स्तर को सुधारने, जल संरक्षण हेतु प्रभावी पहल की गई। ग्रामीणों एवं महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा स्वच्छता रैली निकली गई। नाला बंधान के बाद जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा करने, घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, सोख्ता बनाने अपील की गई। साथ ही ग्रामीणों को जल शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती जैमून बाई कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री होरीलाल साहू एवं जनपद छुरिया के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच, समस्त पंच, स्वच्छता दीदी, बिहान की महिला समूह तथा ग्राम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## टैक्स के नाम पर महिला से 5 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** अज्ञात मोबाइल धारक ने सरकारी टैक्स लगने का झांसा देकर महिला से 5 लाख 21 हजार रुपए ठग लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दिसी मेश्राम 40 वर्ष सेक्टर 27 नवा रायपुर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 81189-32429 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थिया को कहा कि आपका पार्सल आया है बताकर पार्सल के लिए सरकारी टैक्स लगेगा कहकर अलग-अलग खाता में प्रार्थिया से 5 लाख 21 हजार रुपए जमा करवा लिया।

# आधार में बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट शिविर का मोहारा में सफल आयोजन

## वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर 138 नागरिकों का आधार अपडेट हुआ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आधार कार्ड में मोबाइल नंबर,बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट शिविर लगाया गया । रविवार को आयोजित शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में वार्ड नागरिकों ने आधार अपडेट करवाने दस्तक दी । शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित रहा, जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में लगभग 138 नागरिकों द्वारा आधार बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफी अपडेट करवाया गया। वार्ड में आयोजित शिविर में ई डिस्ट्रिक्ट प्रबंधक सौरभ मिश्रा का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ साथ ही ष्द्ददृश्ह्य कार्यालय से लीलाधर कुंभकार एवं कुंज बिहारी कुंभकार ने अपनी सेवाए दी है। पार्षद आलोक श्रोती ने कहा कि आधार अपडेट नहीं होने की वजह से हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त होने में



बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था । आधार कार्ड में जो मोबाइल नंबर लिंक है वो बंद हो चुका है या गुम चुका है या परिवार के सदस्यों के बाहर रहने की वजह से उपयोग नहीं हो पा रहा है इस वजह से नया नंबर अपडेट करवाना अत्यंत आवश्यक हो गया था। पार्षद आलोक श्रोती द्वारा उन्होंने अपने वार्ड के नागरिकों को आधार कार्ड अपडेट करने के लिए लगातार अपील की जिसकी वजह से आज शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता परशु प्रजापति, देवकी देवांगन,मीना सोनकर,लक्की देवांगन,मोहन तिवारी,पिंटू देवांगन,सोहन प्रजापति,लक्ष्मण प्रजापति, दुबेश प्रजापति,कीर्ति प्रजापति, भुवनेश्वरी सिंहा,सुरेश सिन्हा,रूपेंद्र शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही। उपरोक्त जानकारी पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन ने दी।

# शहर में अनियंत्रित होती जा रही हैं कबाड़ दुकानें - अभिमन्यु उदय मिश्रा

## लगातार चोरी का माल खपाने सहित रोड तक अतिक्रमण किए जाने की आ रही शिकायतें



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने शहर में लगातार बढ़ रहे अवैध कबाड़ के धंधे पर चिंता जताते हुए कहा है कि शहर भर में कबाड़ी की दुकानें अनियंत्रित रूप से कार्य कर रही हैं ऐसी दुकानों में बिना लाइसेंस बिना हिसाब लाखों की कमाई की बात सामने आ रही है ऐसी बेहिसाब कमाई के बाद भी पुलिस का इसमें दखल न देना संदेह पैदा करता है कि क्या पुलिस के ऊपर कोई दबाव है ? शहर के चिखली, गौरी नगर, लखोली, केशर नगर, नंदई, बसंतपुर, ममता नगर सहित कई क्षेत्रों में दर्जन भर ऐसी कबाड़ की दुकानें संचालित की जा रही हैं । इन दुकानों में कौड़ियों के भाव सामान खरीद कर लाखों की कमाई की जाती है ऐसी बात सामने आ रही है, कबाड़ के लेन देन का भी न कोई रसीद होती है न कोई रिकॉर्ड कोई हिसाब, यह इसलिए भी चिंता का विषय है क्योंकि शहर में लगातार गाड़ी चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं साथ ही सरकारी बनी जगहों जैसे भवन इत्यादि से भी लोहे की रेलिंग सहित कई चीजें चोरी हो रही हैं और यह भी खबर है कि इन्हीं दुकानों में गाड़ियों को काट कर खपाया जाता है कई बड़ी छोटी गाड़ियों को खुले आम कबाड़ में तब्दील कर दिया जाता है और यह कटाई पिटाई सरकारी रोड तक होती रहती है सरकारी नाली के ऊपर कबाड़ भरा होता है रोड तक कांच की खाली बोतलों सहित कबाड़ फैला होता है लेकिन कोई माई बाप नहीं । कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन सहित सत्ताधारी नेता भी ऐसी मनमानी में मौन धारण किए हुए हैं यह समझ से परे है इससे सत्ता के संरक्षण होने की भी आशंका होती है साथ ही जल्द ही इस मामले में नगर पुलिस अधीक्षक महोदय से भेंट कर ज्ञापन देने की बात भी उन्होंने कही है ।

## जिला मुख्यालय राजनांदगांव के 5 परीक्षा केन्द्रों में नीट-यूजी परीक्षा संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (नीट-यूजी) परीक्षा का आज आयोजन किया गया। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा ने परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्था का निरीक्षण किया। नीट-यूजी परीक्षा में 1842 अभ्यर्थियों में से 1768 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वही 74 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव में 5 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए थे। जिसमें केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में नीट (यूजी) परीक्षा का आयोजन हुआ। इस दौरान अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# ब्रह्माकुमारीज द्वारा किया गया श्रमिकों का सम्मान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** किसी भी देश के नवनिर्माण में श्रमसाधक कर्मयोगी श्रमिक भाई बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है । इनके श्रम के बगैर हम किसी भी राष्ट्र के उत्थान की कल्पना भी नहीं कर सकते है । छोटे से झोपडी से लेकर बड़ी बड़ी अट्टालिकाओं के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों को सम्पन्न करने का कार्य श्रमिकों के द्वारा ही किया जाता है । यह उदगार सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने ज्ञान मानसरोवर में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में व्यक्त किया । आदरणीय पुष्पा दीदी जी ने आगे कहा कि श्रमिक भाई बहने अपने व्यस्ततम दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर परमपिता परमात्मा को अवश्य याद करे इससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और दैनिक कार्य में परमात्मा की मदद मिलेगी । दीदी जी सबको राजयोग मेडिटेशन द्वारा शांति की गहन अनुभूति भी कराई । ज्ञातव्य है कि 3 मई को ब्रह्मकुमारीज ज्ञान मानसरोवर में श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था । इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित इंजीनियर भ्राता तरुण साहू जी ने सभी श्रमिक भाई बहनों को शुभकामनाएं दी । दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।



## नशीली टैबलेट बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई की छावनी थाना पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए नशीली टैबलेट बेचने वाले दो आरोपीं को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से कुल 1320 नग नशील टेबलेट जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट कें के तहत जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 03/05/2025 को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति मंगल पान ठेला बैकुण्ठ धाम के पास कैम्प 02 भिलाई में अपने पास में रखे सफेद रंग कैरी बेग में नशीली टेबलेट गोली रखे है बेचने हेतु ग्राहक तलाश कर रहे है ।

### सप्ताह के सितारे (05 मई 2025)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2 - 4 - 6 | 14-41-16-61-46-64 |
| मंगल | 1- 3 - 4 - 8 | 13-31-14-41-34-43 |
| बुध | 3 - 4 - 7 - 0 | 47-74-40-04-30-03 |
| गुरू | 2- 5 - 6 - 0 | 60-06-10-01-50-05 |
| शुक्र | 3 - 4 - 5 - 6 | 35-53-36-63-45-54 |
| शनि | 2 - 4 - 6- 8 | 46-64-48-84-39-93 |

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 2 - 7 - 8 - 9

सप्ताह का वरदान -0 स्पेशल - 85- 76 -80 -95

सप्ताह में देखे

(1) 12 - 17 - 18 - 19 (6) 62 - 67 - 68- 69
(2) 22 - 27 - 28 - 29 (7) 72 - 77 - 78 - 79
(3) 32 - 37 - 38 - 39 (8) 82 - 87 - 88 - 89
(4) 42 - 47 - 48 - 49 (9) 92 - 97 - 98 - 99
(5) 52 - 57 - 58 - 59 (10) 02 - 07 - 08 - 09

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 12-04-66-61-62-02 | 40-70-02-68-53 |
| 91-31-44-63-23-93 | 27-62-81-17-83 |
| 40-96-62-80-15-76 | 72-71-82-39-46 |
| 35-91-44-08-34-46 | 54-86-77-74-44 |
| 43-14-25-69-05-00 | 37-62-38-22-13 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# राज्य स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में दुर्ग-भिलाई का जलवा

## राजनांदगांव में आयोजित प्रतियोगिता में 120 प्रतिभागियों ने लिया भाग, विजेताओं को मिले मेडल व स्मृति चिन्ह







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आकांक्षा स्विमिंग पूल्स में राज्य स्तरीय तीसरी आकांक्षा स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के धमतरी, कांकेर, रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बालोद, कवर्धा और खैरागढ़ जिलों से लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दुर्ग-भिलाई के खिलाड़ियों का इस प्रतियोगिता में विशेष दबदबा रहा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में वरिष्ठ समाजसेवी खिलावन चंद्राकर, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, दैनिक भास्कर के सह-संपादक दिग्विजय दास वैष्णव, इंडिया टाउन न्यूज़ के सौरभ ताम्रकार, विज्ञान महाविद्यालय के पीटीआई प्रवेश वर्मा, हितार्थ संस्था के डायरेक्टर अश्वनी साहू एवं आज की जनधारा के पत्रकार विवेक मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग कोच तामेश्वर तंबोली, पीटीआई शैलेन्द्र तिवारी और राजाराम देवांगन की देखरेख में प्रतियोगिता का संचालन हुआ। प्रतिभागियों के लिए 25 मीटर, 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर फ्री स्टाइल की विभिन्न स्पर्धाएं रखी गई थीं। आयु वर्ग 6 से 25 वर्ष के खिलाड़ियों ने इन स्पर्धाओं में भाग लिया। मुख्य विजेता: नन्हें बालकों के वर्ग में दिव्यांश सोनी तथा बालिका वर्ग में शिखा वर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य विजेता खिलाड़ियों में हर्षा यादव, भूपेंद्र कुमार, तुलेश्वर वर्मा, आयुषी ठक्कर, सिदीक्षा बड़वाल, शिखा वर्मा, दीपांशु सोनी, कृष्णा मिरवानी, छवि शर्मा, अशोक कुमार, चंचल चंद्रकार, किरण साहू, मिकेश कुमार, अंश चंद्राकर, श्रेष्ठ कुमार, धुर्विका सिंह,मो रेहान, गोविंद यादव और सिद्धांत बगड़वाल शामिल रहे। सभी विजेताओं को मेडल और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। महापौर मधुसूदन यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में इस प्रतियोगिता को शासन स्तर पर आयोजित करने की योजना है। नगर निगम द्वारा राजनांदगांव में खिलाड़ियों के हित में एक अत्याधुनिक स्विमिंग पूल बनाया गया है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 200 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## ज्ञान मंथन

1) किस संविधान संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में समाजवादी शब्द जोड़ा गया था?

2) किस वर्ष में लॉर्ड विलियम बैंटिक द्वारा प्रेस स्वतंत्रता प्रदान की गई?

3) मध्य प्रदेश की कौन सी नदी तीन राज्यों में प्रवाहित होती है?

4) बीजागढ़ की पहाड़ी किस पर्वत श्रेणी में स्थित है?

5) 1 मई 2025 को नई दिल्ली में किस नेता की 9 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) 42वाँ संविधान संशोधन (2) 1835 ई. (3) नर्मदा, माही और ताप्ती नदी (4) सतपुड़ा श्रेणी (5) बोडोफा उपेंद्र नाथ ब्रह्मा

## महाराणा प्रताप जी जयंती 9 मई को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी

**मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** युवा मंडल, महिला मंडल उप समिति राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा 9 मई को महाराणा प्रताप जी जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजक समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह छतरिया अध्यक्ष उप समिति राजनांदगांव एवं सामाजिक बंधु (बाबा ठाकुर) प्रमोद सिंह राजपूत ने बताया कि मातृ भूमि की स्वाधीनता के लिए अपना संपूर्ण जीवन बलिदान करने वाले वीरता,पराक्रम, त्याग और देशभक्ति के प्रति महान योद्धा महाराणा प्रताप जी की भव्य शोभायात्रा 9 मई दिन शुक्रवार को समय शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक शीतला मंदिर प्रांगण दीवान पारा राजनांदगांव से नगर भ्रमण करते हुए गांधी सभागृह में समापन होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

## पौराणिक परंपरानुसार खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट...

यहां तीर्थाटन की दृष्टिकोण से आयें और कष्ट सहने की भावना रखें। यात्रा के समय अपने खान-पान पर विशेष ध्यान रखें , मौन रहें और निरन्तर भगवन्नाम संकीर्तन करते हुये भगवान के दर्शन करें , साथ ही पर्यावरण को कोई नुकसान ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें । पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने आगे कहा कि यहां आकर हम सबको आध्यात्मिक आनन्द प्राप्त करना चाहिये , आध्यात्मिक आनन्द और लौकिक में केवल इतना अन्तर है कि लौकिक आनन्द क्षणिक है और आध्यात्मिक आनन्द पूरे जीवन भर हमें शान्ति प्रदान करता है , उस अनुभूति को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता इसलिये यहां आकर इस को अनुभूत करना चाहिये।

**सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के व्यापक इंतज़ाम - सीएम धामी**

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बद्रीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बद्री विशाल की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ है , आज भगवान बद्री विशाल के कपाट खुल रहे हैं। मैं उत्तराखंड की पावन भूमि पर सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं कि सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुगमता से संपन्न हो। सभी व्यवस्थायें पूरी कर दी गई हैं। यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किये हैं और स्वास्थ्य सुविधायें भी बढ़ाई गई हैं। उन्होंने इस दौरान श्रद्धालुओं से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये।

# आज खुलेगी रहस्यमयी मंडीप खोल गुफा : साल में एक बार खुलता हैं एक ही नदी, 16 बार पार करनी पड़ती है









**मनोज राठौर....**

**केसीजी (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी धार्मिक गुफा है. इस गुफा का नाम मंडीप खोल गुफा है. अक्षय तृतीया के बाद पड़ने वाले अगले सोमवार को मंडीप खोल गुफा को खोला जाता है. इस गुफा में महादेव का मंदिर है. मंदिर साल में एक बार खुलता है तो महादेव के दर्शन के लिए लोग 1 नदी को 16 बार पार कर यहां तक पहुंचते हैं. सोमवार को जब मंदिर का पट खुला तो हजारों की संख्या में कठिन डगर पर चलते हुए लोग यहां तक पहुंचे हैं. ये गुफा इस बार 5 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोली जा रही है.

छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ में एशिया की दूसरी सबसे बड़ी गुफा है. इस गुफा का नाम मंडीप खोल गुफा है. अक्षय तृतीया के बाद पड़ने वाले अगले सोमवार को मंडीप खोल गुफा को खोला जाता है. इस गुफा में महादेव का मंदिर है. मंदिर साल में एक बार खुलता है तो महादेव के दर्शन के लिए लोग 16 नदियों को पार कर यहां तक पहुंचते हैं. सोमवार को जब मंदिर का पट खुला तो हजारों की संख्या में कठिन डगर पर चलते हुए लोग यहां तक पहुंचे हैं. ये गुफा इस बार 5 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोली जा रही है.

खैरागढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर मैकल पर्वतमाला और सघन जंगलों के बीच स्थित यह गुफा हर वर्ष अक्षय तृतीया के बाद पड़ने वाले पहले सोमवार को खुलती है. इस अवसर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भगवान शिव के दुर्लभ और प्राकृतिक स्वरूप के दर्शन के लिए यहाँ पहुँचते हैं. इसी मेले की परंपरा के चलते इस स्थान को च्मंडीपखोलज् कहा जाने लगा च्मंडीज् अर्थात मेला और च्खोलज् यानी गुफा. यह वास्तव में एक दो-स्तरीय गुफा प्रणाली है, जो भूगर्भीय रूप से पृथ्वी के प्रारंभिक युग प्री-कैम्ब्रियन युग से अस्तित्व में है.

गौरतलब है कि कई दशकों से यह गुफा वर्ष में केवल एक बार ही श्रद्धालुओं के लिए खोली जाती है. इसके पीछे कई धार्मिक मान्यताएँ और किवदंतियाँ हैं, लेकिन जब इसके वैज्ञानिक कारणों की पड़ताल की जाती है, तो सनातन परंपरा की वैज्ञानिक दृष्टि और प्रकृति के साथ संतुलन का गहरा संदेश सामने आता है. मंडीपखोल की अनूठी जैव विविधता को शायद प्राचीन लोग भी भलीभांति समझते थे, इसलिए उन्होंने इसे वर्ष में केवल एक बार खोलने की परंपरा बनाई, ताकि इसका प्राकृतिक इकोसिस्टम संरक्षित रह सके.

**वैज्ञानिक अध्ययन क्या कहते हैं मंडीपखोल को लेकर**

मंडीपखोल गुफा में नेशनल केव रिसर्च एंड प्रोटेक्शन ऑर्गनाइजेशन और इटालियन केव रिसर्च ग्रुप द्वारा विस्तृत अध्ययन किया गया है. रिसर्च टीम के सदस्य डॉ. जयंत विश्वास के अनुसार, इस गुफा में दुर्लभ जैव विविधता पाई जाती है जैसे पूंछ वाले चमगादड़, ब्लैंडफोर्ड रॉक अगामा (छिपकली), विभिन्न प्रजातियों की मकड़ियाँ, पिल बग और अनेक प्रकार के मेंढक. ये सभी जीव सूरज की रोशनी के बिना एक विशिष्ट खाद्य श्रृंखला का हिस्सा हैं, जो गुफा के भीतर कीड़ों और अपघटकों पर निर्भर करती है. शोध में यह भी सामने आया कि जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुफा में प्रवेश करते हैं, तो वहां का तापमान बढ़ जाता है, जिससे कई जीव अस्थायी रूप से गुफा के भीतरी हिस्सों या किसी अन्य स्थान पर चले जाते हैं. हालांकि ये जीव बाद में लौट आते हैं, लेकिन गुफा के इकोसिस्टम पर इसका असर ज़रूर पड़ता है. साथ ही गुफा की प्राकृतिक जलधारा और पारंपरिक गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखने की भी ज़रूरत है. गर्मियों में आसपास के ग्रामीण केसरिया टोमेंटोसा के फल का उपयोग पारंपरिक मछली पकड़ने में करते हैं, जो पानी में मिलाने पर मछलियों को बेहोश कर देता है. यह गुफा के जलीय इकोसिस्टम के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है, जिस पर पर्यावरणविद भी चिंता जाहिर कर चुके हैं.संभवतः इसी जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के उद्देश्य से ही पूर्वजों ने वर्ष में एक दिन ही यहाँ आने की परंपरा स्थापित की, ताकि न केवल मानव जाति, बल्कि गुफा में निवास करने वाले असंख्य जीव-जंतुओं की रक्षा भी की जा सके.

Mandeep Khol Cave in Chhattisgarh : भारत की सबसे लंबी मंडीप खोल गुफा है रहस्यमयी, 16 नदियों और दुर्गम रास्ते को पार कर पहुंचते यहांज् 5 मई से खुल रही

**5 मई को खुलेगी गुफा, होगा वार्षिक मेला**

इस वर्ष मंडीपखोल गुफा 5 मई को खुलेगी. श्वेतगंगा, जिसे पायथन गुफा भी कहा जाता है, से निकलने वाली जलधारा को सत्रह बार पार करके हजारों श्रद्धालु मंडीपखोल तक पहुंचेंगे और प्रकृति के बीच बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे. परंपरा के अनुसार सुबह सबसे पहले ठाकुरटोला के जमींदार परिवार द्वारा पूजा की जाएगी, इसके बाद दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा. खैरागढ़ कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है. इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और पुलिस प्रशासन को भी सुरक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि यह आयोजन शांति और सुव्यवस्था के साथ संपन्न हो सके....

## अध्यक्ष इरफान शेख ने पुलिस बल को दिया धन्यवाद

**जलालबाग में उर्स शांतिपूर्ण संपन्न**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर में पार्री नाला जी ई रोड स्थित सैयद जलालुद्दीन शाह की दरगाह में चार दिन उर्स का शानदार आयोजन किया गया। उर्स कमेटी के सदर मोहम्मद इरफान शेख ने उर्स के अमन चैन के साथ संपन्न होने पर पुलिस बल सहित समस्त सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया। ज्ञात हो कि हज़रत बाबा सैयद जलालुद्दीन शाह र.अ (पार्री नाला) राजनंदगांव का विगत दिनों उर्स संपन्न हुआ। जिसमे पुलिस विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही उर्स के समापन होने के बाद दरगाह कमेटी के सदर एव भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजनंदगांव के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख एव कमेटी के सदस्यों द्वारा एसपी मोहित गर्ग, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी यीशु अग्रवाल, एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा, सीएसपी पुष्पेंद्र नायक एव बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनको धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर मो. इरफान शेख के साथ मनोज अग्रवाल , नरेश रामटेके , हेमंत राजपूत , अफ़ज़ल ख़ान , ज़हीर अब्बास , इमरान बीबा , हैरी जोसेफ , जुनैद बड़गुज़र, नदीम बड़गुज़ार , भूरू बड़गुजर, रिज़वान बड़गुज़र , अफ़सर ख़ान , शानू , समीर , बशीर ख़ान , इरफ़ान ख़ान, तबरेज ख़ान , अरशद अली , राहुल भोईर , असलम ख़ान , इस्माइल ख़ान यासिनी , मुस्ताक ख़ान , सूफ़ियान ख़ान , शानू हैदर जोया , राजिक ख़ान , वसीम ख़ान , कलाम ख़ान , मज़हर ख़ान , समीर ख़ान, शकील रिजवी , इरफान हनफ़ी, मोहसिन क़ुरैशी सहित दरगाह कमेटी एव भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य एव पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## चाकू लहाराकर लोगों को डराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई की छावनी थाना पुलिस ने धारदार चाकू लहराकर आम लोगों को धमकाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को अलग-अलग स्थलों से गिरफ्तार किया गया है तथा उनके कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर आरापियों को आर्म्स एक्ट में जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार छावनी पुलिस को सूचना मिली कि बैकुण्ठ धाम मैदान कैम्प 02 भिलाई में ललित पाण्डेय नामक व्यक्ति द्वारा हाथ में लोहे का चाकू लेकर लहराते हुए लोगों का डरा धमका रहा है वही एक अन्य मामले मे सी मार्ट के पास गली पावर हाऊस भिलाई में आकाश पाण्डेय नामक व्यक्ति द्वारा हाथ में लोहे का चाकू लेकर लहराते हुए लोगों का डरा धमका रहा है।

## वनांचल गांव टेकाडोढ़ा में महार/ महरा समाज ने पेश की शादी में फिजूल खर्ची रोकने के लिए मिसाल, हुआ ठेका विवाह

### दांपत्य जीवन में बंधे जोड़े, लंबे समय से थी एक दूसरे के लिए वर वधु की तलाश, अब गृहस्थ जीवन की हुई शुरुआत







**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** डौंडी ब्लॉक के ग्राम टेकाडोढ़ा में महार/ महरा समाज के एक परिवार ने शादी में फिजूल खर्ची रोकने के लिए ÷ठेका विवाह÷ कर मिसाल पेश की। यह ठेका विवाह प्राचीन संस्कृति का प्रतीक है। जो आज के दौर में विलुप्त हो रही है। इस ठेका विवाह के अंतर्गत वधू पक्ष के लोग वर पक्ष के घर जाते हैं और पूरे शादी के रस्मो रिवाज एक ही दिन संपन्न कर वर के घर ही फेरे लेकर अपने गृहस्थ जीवन की शुरुआत करते हैं। इस क्रम में ग्राम फ़रदडीह के रहने वाले सेउक राम सहारे की बेटी माधुरी की शादी टेकाडोढ़ा के रहने वाले रामेश्वर उंदरा से हुई। एक ही दिन में सभी रस्में निभा कर सादगी और शांतिपूर्ण तरीके से शादी कराई गई। ना कोई दिखावा न कोई फिजूल खर्ची, कम खर्चे में ही यह शादी टेकाडोढ़ा में संपन्न हुई। जिसने माहरा समाज के लिए भी एक अच्छा संदेश दिया। इस रिश्ते की शुरुआत की बात करें तो कन्या माधुरी के जीजा दीपक आरदे निवासी खल्लारी का अक्सर सामाजिक कार्यक्रमों के चलते बालोद आना-जाना होता था। इस दौरान टेकाडोढ़ा के रामेश्वर उंदरा बालोद के भोजनालय में काम करते थे और रात में सामाजिक भवन में ही रहते थे। इस बीच 40 वर्षीय रामेश्वर, उनसे चर्चा करते थे कि मेरे लिए कोई उम्रदराज शादी के लिए लड़की हो तो जरूर बताएं। तो वही दीपक आरदे के जरिए उन्हें उनकी एक साली 38 वर्षीया माधुरी के बारे में पता चला। दोनों की ही शादी की उम्र निकलती जा रही थी और रिश्ते जुड़ने में अड़चनें आ रही थी। कहते हैं जोड़ी ऊपर ही तय होती है। शादी का संयोग जब होता है तो होकर ही रहता है। ऐसा ही कुछ माधुरी और रामेश्वर के साथ हुआ। 40 और 38 साल की उम्र में दोनों ने 7 फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की। माधुरी के जीजा दीपक आरदे के जरिए यह रिश्ता बंधा और ठेका विवाह पद्धति के जरिए दोनों ने दांपत्य जीवन में कदम रखा। आज महंगाई के दौर में विवाह काफी खर्चीली होती जा रही है। ऐसे में आदर्श और सादगी पूर्ण विवाह संपन्न कर समाज ने फिजूल खर्ची रोकने का संदेश दिया। इस ठेका विवाह में कन्या पक्ष से राजेंद्र यारदा, शिवप्रसाद कौशल, कुबेर यारदा, गेमन कौशल ,जीवन कोटेंद्र पूर्व जिला अध्यक्ष महार महार समाज बालोद, कन्या के जीजा दीपक आरदे, योगेंद्र कौशल, कन्या की बहन शारदा कौशल, कुसुम आरदे , भाभी श्रीमती कोटेंद्र, नानी कौशल्या बाई डोंगरे, लहेंद्र डोंगरे, नूतन डोंगरे, भगवान सिंह कौशल, संगीता कौशल, देवेश यारदा, शंकर लाल आरदे, रतनी आरदे आदि विवाह के साक्षी बने। तो वही कन्या के पिता सेउक राम सहारे ने कहा आज मैंने अपनी बेटी के हाथ पीले कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हुआ। वर रामेश्वर पक्ष से उनके बड़े भाई राजेश कुमार उंदरा, फूफा छगन बुंदेली, बुआ कचराबाई डेरहा राम एवं सामाजिक जन आदि के सहयोग से यह ठेका विवाह घर में संपन्न हुआ। पारंपरिक बाजे के बीच बिना किसी तामझाम के यह ठेका विवाह कराया गया। सभी ने नव दंपत्ति को उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाओं के साथ आशीर्वाद दिया।

## धर्म समाचार....

## प्रदोष व्रत के दिन करें इस चालीसा का पाठ, मिलेंगे शुभ परिणाम, प्रसन्न होंगे महादेव

भगवान शिव और मां पार्वती की कृपा प्राप्त करने के लिए प्रदोष व्रत (क्रह्न्रुस्रशह्यद्ध ङ्कह्न्रुह्ल 2025) का दिन शुभ माना जाता है। इस दिन महादेव की पूजा संध्याकाल में करने का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार प्रदोष व्रत करने से साधक पर महादेव की कृपा बरसती है और शुभ फल की प्राप्ति होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख माह का आखिरी प्रदोष व्रत 9 मई को किया जाएगा। इस दिन भक्त भगवान शिव और मां पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, प्रदोष व्रत करने से सभी डर से छुटकारा मिलता है। प्रदोष व्रत की पूजा के दौरान शिव चालीसा का पाठ करना चाहिए। ऐसे माना जाता है कि शिव चालीसा का पाठ करने से जीवन में शुभ परिणाम देखने को मिलते हैं। आइए पढ़ते हैं शिव चालीसा।

**शिव चालीसा**

श्री गणेश गिरिजा सुवन, मंगल मूल सुजान।
कहत अयोध्यादास तुम, देहु अभय वरदान॥
चौपाई
जय गिरिजा पति दीन दयाला। सदा करत संतन प्रतिपाला॥
भाल चंद्रमा सोहत नीके। कानन कुण्डल नागफनी के॥
अंग गौर शिर गंग बहाए। मुण्डमाल तन छार लगाए॥
वस्त्र खाल बाघंबर सोहे। छवि को देख नाग मुनि मोहे॥
मैना मातु की ह्वै दुलारी। बाम अंग सोहत छवि न्यारी॥
कर त्रिशूल सोहत छवि भारी। करत सदा शत्रुन क्षयकारी॥
नन्दि गणेश सोहै तहं कैसे। सागर मध्य कमल हैं जैसे॥




कार्तिक श्याम और गणराऊ। या छवि को कहि जात न काऊ॥देवन जबहीं जाय पुकारा। तब ही दुख प्रभु आप निवारा॥
किया उपद्रव तारक भारी। देवन सब मिलि तुमहिं जुहारी॥
तुरत षडानन आप पठायउ। लवनिमेष महं मारि गिरायउ॥
आप जलंधर असुर संहारा। सुयश तुम्हार विदित संसारा॥
त्रिपुरासुर सन युद्ध मचाई। सबहिं कृपा कर लीन बचाई॥
किया तपहिं भागीरथ भारी। पुरब प्रतिज्ञा तसु पुरारी॥
दानिन महं तुम सम कोउ नाहीं। सेवक स्तुति करत सदाहीं॥
वेद नाम महिमा तव गाई। अकथ अनादि भेद नहिं पाई॥
प्रगट उदधि मंथन में ज्वाला। जरे सुरासुर भये विहाला॥
कीन्ह दया तहँ करी सहाई। नीलकण्ठ तब नाम कहाई॥
पूजन रामचंद्र जब कीन्हा। जीत के लंक विभीषण दीन्हा॥
सहस कमल में हो रहे धारी। कीन्ह परीक्षा तबहिं पुरारी॥
एक कमल प्रभु राखेउ जोई। कमल नयन पूजन चहं सोई॥
कठिन भक्ति देखी प्रभु शंकर। भये प्रसन्न दिए इच्छित वर॥
जय जय जय अनंत अविनाशी। करत कृपा सब के घटवासी॥
दुष्ट सकल नित मोहि सतावै । भ्रमत रहे मोहि चैन न आवै॥
त्राहि त्राहि मैं नाथ पुकारो। यहि अवसर मोहि आन उबारो॥
लै त्रिशूल शत्रुन को मारो। संकट से मोहि आन उबारो॥
मातु पिता भ्राता सब कोई। संकट में पूछत नहिं कोई॥
स्वामी एक है आस तुम्हारी। आय हरहु अब संकट भारी॥
धन निर्धन को देत सदाहीं। जो कोई जांचे वो फल पाहीं॥
अस्तुति केहि बिधि करौं तुम्हारी। क्षमहु नाथ अब चूक हमारी॥शंकर हो संकट के नाशन। मंगल कारण विघ्न विनाशन॥
योगी यति मुनि ध्यान लगावैं। नारद शारद शीश नवावैं॥
नमो नमो जय नमो शिवाय। सुर ब्रह्मादिक पार न पाय॥
जो यह पाठ करे मन लाई। ता पार होत है शम्भु सहाई॥
ॠनिया जो कोई हो अधिकारी। पाठ करे सो पावन हारी॥
पुत्र हीन कर इच्छा कोई। निश्चय शिव प्रसाद तेहि होई॥
पण्डित त्रयोदशी को लावे। ध्यान पूर्वक होम करावे ॥
त्रयोदशी ब्रत करे हमेशा। तन नहीं ताके रहे कलेशा॥
धूप दीप नैवेद्य चढ़ावे। शंकर सम्मुख पाठ सुनावे॥
जन्म जन्म के पाप नसावे। अन्तवास शिवपुर में पावे॥
कहे अयोध्या आस तुम्हारी। जानि सकल दुःख हरहु हमारी॥
॥दोहा॥
नित्त नेम कर प्रातः ही, पाठ करौं चालीसा।
तुम मेरी मनोकामना, पूर्ण करो जगदीश॥

### कब है नरसिंह जयंती? नोट करें शुभ मुहूर्त और पूजा विधि



नरसिंह जयंती का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और पूजा-पाठ करते हैं। व्रत का पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद किया जाता है। नरसिंह जयंती भगवान विष्णु के भक्तों के लिए बहुत महत्व रखती है तो आइए इसकी डेट जानते हैं। नरसिंह जयंती बेहद शुभ मानी जाती है। यह दिन भगवान विष्णु के उग्र स्वरूप भगवान नरसिंह को समर्पित है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय और भक्तों की रक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस साल नरसिंह जयंती दिन रविवार, 11 मई को मनाई जाएगी, जो हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को पड़ती है, तो आइए इसकी डेट और पूजा विधि जानते हैं, जो इस प्रकार है। कब मनाई जाएगी नरसिंह जयंती ? पंचांग गणना के आधार पर वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 10 मई को शाम 05 बजकर 29 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 11 मई को रात 09 बजकर 19 मिनट पर होगा। ऐसे में इस साल यह पर्व 11 मई को ही मनाया जाएगा।

**नरसिंह जयंती पूजा विधि** - सुबह उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल को साफ करें और गंगाजल से पवित्र करें। एक वेदी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाएं। भगवान नरसिंह की प्रतिमा स्थापित करें। अगर नरसिंह जी की प्रतिमा न हो तो भगवान विष्णु की तस्वीर भी स्थापित कर सकते हैं। पूजा शुरू करने से पहले व्रत और पूजा का संकल्प लें। भगवान नरसिंह की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराएं। चंदन, कुमकुम, हल्दी और गुलाल आदि चीजें अर्पित करें। उन्हें पीले या लाल रंग के वस्त्र पहनाएं और पीले फूलों की माला चढ़ाएं। भगवान नरसिंह को फल, मिठाई, विशेष रूप से गुड़ और चना अर्पित करें। पूजा में तुलसी दल जरूर शामिल करें। घी का दीपक जलाएं। भगवान नरसिंह के मंत्रों का जाप करें। अंत में भगवान नरसिंह की आरती करें। पूजा के दौरान हुई गलतियों के लिए माफी मांगे।




# जल है तो जीवन की गूंज पूरे राजनांदगांव में

## गांव-गांव में नीर और नारी की जल यात्रा का आगाज





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जल है तो जीवन है कि गूंज पूरे राजनांदगांव जिले में सुनाई दे रही है। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव के नेतृत्व में जल संरक्षण का संदेश देते हुए यह काफिला आगे बढ़ रहा है। नीर और नारी जल यात्रा, राजनांदगांव जिले के हर गांव में जल और जीवन के बीच के अटूट रिश्ते को पुन: स्थापित करने का संकल्प लेकर निकल पड़ी है। इस अभियान ने अब तक 50 से अधिक ग्राम पंचायतों को न केवल जागरूक किया है, बल्कि जल संरक्षण के लिए सशक्त प्रयास भी कर रही हैं। महिलाएं तपती धूप की परवाह किए बिना, दृढ़ संकल्प के साथ जल है, तो जीवन है का संदेश लेकर निकल पड़ी हैं।

पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव ने पानी बचाने, पर्यावरण संरक्षण, वैकल्पिक खेती, स्थानीय जल संरचनाओं के निर्माण की जानकारी दे रही हैं। श्रीमती फूलबासन यादव ने कहा कि रबी के मौसम में धान की खेती ने गांव का जलस्तर समाप्त कर दिया है। हमें अपनी परंपरा और भविष्य के बीच संतुलन बैठाना होगा। अब वक्त है धान से हटकर वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ना है। माँ बम्लेश्वरी महिला समूह, बिहान समूह, बिहान कैडर, जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से महिलाओं ने पर्कोलेशन टैंक, सोख्ता गड्ढा, नाला बंधान, पौधारोपण जैसे जल-संरक्षण के ठोस उपायों को लोगों के बीच सरल तरीके से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में जब पूरे गांव ने एक स्वर में कहा कि हम जल बचाएंगे, पौधे लगाएंगे, एक-एक बूंद की रक्षा करेंगे, तो वो सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि आने वाले समय के लिए एक वचन था।



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइ म्स )।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं कैट के व्यापारी संगठन द्वारा शिव भक्त महाकाल सेना के वरिष्ठ सदस्य आदरणीय आवतराम जी को विवाह की 48वीं वर्षगांठ की हार्दिक बधाईयां दी । इस अवसर पर गुरूमुख दास वाधवा ,कैट के जिला अध्यक्ष राजू डागा , चेंबर के उपाध्यक्ष आलोक बिंदल , नगर निगम एमआई सदस्य राजा मखीजा , संजय तेजवानी , सेवादल शहर अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे , किशोर भोजवानी , सुरेश पंजवानी ने आदि उपस्थित थे ।

# मधुसूदन यादवजी की पहले बजट को बहुत ही : योगेश बागड़ी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष (आर्थिक प्रकोष्ठ) एवं व्यापारी योगेश बागड़ी ने नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादवजी की तीसरी पारी के पहले बजट को बहुत ही असरकारी एवं उपयोगी बताया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है की श्री यादव अपने अनुभव एवं कार्य कुशलता से बजट में घोषित योजनाओं को अपने कार्यकाल में ही जरूर पूरा कर लेंगे । शहर में सर्वसुविधा युक्त 2000 सीट वाले अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण एवं दिग्विजय स्टेडियम में 50 लाख रुपए के ओपनजिम के निर्माण की घोषणा शहर के लिए एवं खिलाड़ियों हेतु मील का पत्थर साबित होगा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के




लिए नालंदा परिसर का निर्माण एवं एक नया गौरवपथ सहित कई महत्वपूर्ण सड़कों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण का प्रस्ताव सराहनीय है । शहर के मध्य से होकर गुजरने वाले फ्लाई ओवर के नीचे के स्थान को कुछ इनडोर खेलों हेतु उपयोग करने एवं उनका सौंदर्यीकरण कर उन्हें बहुत ही कम लागत में अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है । सुगम व्यापार हेतु होलसेल मार्केट की संरचना करने की घोषणा भी व्यापारियों हेतु अच्छी पहल है । ट्रिपल इंजन के महापौर एवं उनकी क्षमताओं से इस बजट में घोषित लगभग सभी योजनाओं को आने वाले समय में पूरा कर लिया जाएगा ऐसा विश्वास शहर वासियों को है ।

# स्थानीय व्यवसाईयो हेतु साथी बाजार में एक स्वर्णिम अवसर...

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नाफेड एवं कृषि विश्व विद्यालय रायपुर के सहयोग से जिला राजनांदगांव के मंडी परिसर में जल्द ही साथी बाजार का संचालन होने जा रहा है। इसमें अलग अलग व्यवसाय करने वाले कंपनियों, स्थानीय विक्रेताओं, राष्ट्रीय ग्रामीण एवं शहरी आजीविका योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, आदि अंतर्गत गठित ग्रामीण एवं शहरी समूहों एवं संकुल संगठनों द्वारा विभिन्न दुकान का संचालन किया जाएगा और विभिन्न सामग्रियों की बिक्री होगी। साथी बाजार का संचालन जिला स्तरीय फेडरेशन द्वारा किया जावेगा। साथी बाजार में अधिक से अधिक स्थानीय व्यवसाईयां , शहरी एवं ग्रामीण समूहों, कृषि उत्पादक संगठनो, आदि को अपना व्यवसाय संचालन का मौका देने के उद्देश्य से रुचि की अभिव्यक्ति जारी की गई है, सोमवार दिनांक 05 मई को दोपहर 3:00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में प्री बीड बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त प्री बीड बैठक में 100 से अधिक स्थानीय व्यवसाईयां के आने की संभावना है। प्री बीड बैठक में साथी बाजार में अलग अलग श्रेणी/ साइज की दुकानों हेतु आवेदन की प्रक्रिया और चयन के मापदंड, नियम शर्त आदि की जानकारी दी जाएगी। अत: अधिक से अधिक स्थानीय व्यवसायी उपस्थित होकर योजना की जानकारी प्राप्त कर भाग लेवे एवं योजना का लाभ उठाएं।



samvad: ro no.43728/136